

# एलसीसी की दबंगई : एमपीआरडीसी की सड़क में अवैध निर्माण

## मप्र सड़क विकास निगम लिमिटेड की बेला-गोविन्दगढ़-चुरहट सड़क में बिना अनुमति प्राप्त किए मेसर्स एलसीसी के अवैध रूप से बिछाई गई पाइपलाइन की शिकायत बाद नहीं हुई कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। एलसीसी की दबंगई यह है कि एमपीआरडीसी की सड़क में अवैध निर्माण किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड की बेला-गोविन्दगढ़-चुरहट सड़क में बिना अनुमति प्राप्त किए मेसर्स एलसीसी के अवैध रूप से बिछाई गई पाइपलाइन की शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही हुई।**

मेसर्स एलसीसी द्वारा नल-जल योजना के तहत बघवार क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। एलसीसी द्वारा एमआरडीसी की सड़क को बिना अनुमति लिये ही जगह-जगह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। दरअसल पाइप लाइन बिछाने के लिये जेसीबी मशीन का उपयोग खुदाई के लिये आरंभ से किया जा रहा है। जेसीबी मशीन से सड़क की पटरी पर ही मनमानी तौर पर खुदाई की जाती है जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। विगत 17 फरवरी 2026 को एमपीआरडीसी रीवा के एजीएम अंशुल करोडिया और एजीएम मोहित कैन द्वारा परियोजना सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स एलसीसी द्वारा विभाग से अनुमति प्राप्त किये बिना अवैध रूप से जल पाइप लाइन बिछा रहा है। जो पाइप लाइन बिछाई जा रही थी वह न तो निर्धारित गहराई पर भी और न ही सड़क के उपयोगिता गलियारे में थी। बघवार और चुरहट के बीच सड़क का किनारा, नालियां क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। एमपीआरडीसी ने सड़क सुधार के लिये जल निगम सीधी को 18 फरवरी 2026 को पत्र भेजकर 1 करोड़ 61 लाख 1518 रूपये भुगतान की मांग की है।

### जल निगम के महाप्रबंधक के दावों की एमपीआरडीसी ने खोली पोल

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा द्वारा मेसर्स एलसीसी द्वारा बिना अनुमति के बेला-गोविन्दगढ़-चुरहट सड़क को खोद कर अवैध रूप से बिछाई गई पाइपलाइन के संबंध 18 फरवरी 2026 को पत्र लिखकर डेढ़ करोड़ से अधिक के क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की मांग को गलत ठहराने और पत्र का जवाब देने का जल निगम मर्यादित सीधी के महाप्रबंधक नीरव अग्रवाल द्वारा किये जा रहे सभी दावों की पोल एमपीआरडीसी रीवा एजीएम अंशुल करोडिया ने खोलते हुए स्पष्ट कहा है कि आज तक जल निगम महाप्रबंधक द्वारा आज तक पत्र का कोई जबाब नही दिया गया है।

### एमपीआरडीसी ने ठोंका डेढ़ करोड़ से अधिक का हर्जाना

एमपीआरडीसी ने बेला-गोविंदगढ़-चुरहट सड़क में बिना अनुमति प्राप्त किये मेसर्स एलसीसी द्वारा मनमानी तौर पर सड़क को क्षतिग्रस्त करने के बाद जल निगम सीधी कार्यालय को पत्र भेजकर 1 करोड़ 61 लाख 1518 रूपये का जुर्माना ठोंका है। जुर्माना की उक्त राशि से क्षतिग्रस्त सड़क का सुधार कार्य कराया जा सके। हैरत की बात तो यह है कि एमपीआरडीसी रीवा की ओर से पत्र भेजे जाने के बाद भी जल निगम सीधी के महाप्रबंधक द्वारा उसका कोई भी जवाब देने की जरूरत अभी तक नहीं समझी गई है।

### इनका कहना है

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा के पत्र का जवाब भेज दिया गया है। संविदाकार मेसर्स एलसीसी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए जहां सड़क की खोदाई की गई थी। वहां की सड़क सुधार कर दी गई है।

**नीरव अग्रवाल, महाप्रबंधक जल निगम मर्यादित जिला-सीधी**

एमपीआरडीसी की बघवार-रीवा सड़क को नल-जल योजना के ठेकेदार द्वारा जगह-जगह मनमानी खुदाई कर क्षतिग्रस्त कर दी गई है। सड़क के खुदाई के पूर्व अनुमति भी विभाग से नहीं ली गई है। उनके निरीक्षण में यह मिला कि सड़क काफी क्षतिग्रस्त की गई है वहीं बघवार के समीप पंचायत की नाली और हैण्डपंप भी तोड़े गये हैं। उनके द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को तत्संबंध में सूचित करने के साथ जल निगम को पत्र भेजकर कर क्षतिपूर्ति राशि की मांग की गई, जिसका कोई जवाब नहीं आया है। सड़क सुधार का कार्य भी नही किया गया है।

**अंशुल करोडिया, एजीएम मप्र सड़क विकास निगम लिमि .रीवा**




# कमर्जी पुलिस ने दो नाबालिग को किया सकुशल बरामद

## एक आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत सीधी पुलिस निरंतर प्रभावी कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के सतत मार्गदर्शन में थाना कमर्जी पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।**

प्रथम मामला- विगत दिवस थाना कमर्जी अंतर्गत एक 17 वर्षीय बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी। फरियादी बालक के पिता की रिपोर्ट पर तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उनि. इन्द्राज सिंह ने तत्काल एक विशेष टीम गठित की। साइबर सेल की मदद और मुखबिर तंत्र के जरिए बालक की लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस के निरंतर दबाव और सर्चिंग के चलते बालक को ग्राम रायखोर थाना रामपुर नैकिन से महज 21 घंटे के भीतर सकुशल ढूंढ निकाला गया। काउंसलिंग के दौरान पता चला कि बालक अपने पिता की डांट से भयभीत होकर बिना बताए घर से निकल गया था। बालक को समझा-बुझाकर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया।

दूसरा मामला- थाना क्षेत्र से करीब एक सप्ताह पूर्व एक नाबालिग बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गहन तलाश शुरू की थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था। पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी करते हुए बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। मामले में संलिप्त आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जिसके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। बालिका की उचित काउंसलिंग कराई जाकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### पुलिस टीम में इनका रहा सराहनीय योगदान

इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यवाहियों में थाना प्रभारी उनि . इन्द्राज सिंह, एएसआई मनोज वर्मा और महिला आरक्षक सुनीता पटेल का विशेष एवं समर्पणपूर्ण योगदान रहा। टीम की इस तत्परता की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई है।

# 70 वर्षीय सम्मान समारोह एवं क्षेत्रीय अधिवेशन कल

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। पूजा पार्क के सामने स्थित मानस भवन सीधी में 10 अप्रैल को सीधी एवं सिंगरौली जिलों के विद्युत पेंशनर्स द्वारा विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी के सौजन्य से 70 वर्षीय विद्युत पेंशनर का सम्मान समारोह एवं क्षेत्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है।**

कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र श्रीमती प्रभा पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता संचालन-संधारण सीधी पंचराज तिवारी, अधीक्षण अभियंता सिंगरौली अजीत सिंह बघेल सहित प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष आर.डी.मिश्रा एवं प्रांतीय सचिव सुनील भार्गव की उपस्थिति रहेगी। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का गठन 4 वर्ष पूर्व किया गया था तथा प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं कार्यवाहक अध्यक्ष आर.डी.मिश्रा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लगभग 45 शाखाओं का गठन किया जा चुका है। इस आयोजन को सफल बनाने में श्यामलाल पाण्डेय, रविनंदन पाण्डेय, पी.एल.गुप्ता, मो.वारिस अंसारी, छोटेलाल सिंह, शिवदयाल कुशवाहा, पतीराज सिंह, नीरेश कुशवाहा, रविंद्रनाथ गुप्ता व अन्य सदस्यों का योगदान रहा है।

# मड़वास ब्लॉक कांग्रेस की परिचय बैठक आयोजित, नवनियुक्त पदाधिकारियों से रूबरू हुए जिलाध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने धौंहनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोगी पहाड़ी में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मड़वास के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक में सहभागिता की।**

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और संगठन की वर्तमान स्थिति, विस्तार एवं मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव तक पहुंच बनाकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और उनके समाधान के लिए संघर्ष करें। ज्ञान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जन सेवा, समानता और न्याय पर आधारित है जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी और जनआंदोलन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना होगा। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, कमलेश सिंह, श्यामवती सिंह, चिंतामणि गुप्ता, शेषमणि पनिका, दिनकर सिंह, विष्णु कुशवाहा सहित अन्य नव नियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना, निकाली रैली




नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर जिले भर के हजारों शिक्षकों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले स्थानीय पूजा पार्क में धरना प्रदर्शन कर पूजा पार्क से कलेक्ट्रेट तक अपने अधिकारों के लिए शासन-प्रशासन पर निशाना साधते हुए रैली निकालकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।**

इसके पूर्व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक हरीश मिश्र ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षकों की पात्रता परीक्षा लिए जाने के आदेश को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक परीक्षा से नहीं डरता, बात शिक्षकों के सम्मान के साथ किए जा रहे खिलवाड़ की है और ऐसे मजाक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संयोजक सुखेंद्र सिंह ने भी अपने उद्बोधन में शिक्षक के खिलाफ शासन-प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही नीतियों का पुरजोर विरोध किया। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय तिवारी ने कहा कि शिक्षक शिक्षा देने के साथ ही परीक्षा लेने का कार्य करता है, जिस देश में शिक्षकों की परीक्षा की प्रक्रिया अपनाई जाय उस देश का इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकताए शिक्षक समुदाय ऐसे आदेशों का मुंहतोड़ जवाब देगा।

सभा को अभयराज योगी, जयभारत सिंह, पद्मधर द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, उमा सिंह, मीरा गौतम, श्रवण मिश्रा, मधु पटेल, राजकुमारी पाण्डेय ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम रैली में डॉ.राकेश सिंह, राकेश मिश्रा, अरुण सिंह, प्रशांत जायसवाल, महेश प्रजापति, रमेश पाण्डेय, दान बहादुर सिंह, पाण्डुरंग भक्ते, सुखधाम सिंह, संतोष प्रजापति, बांकेलाल सिंह, अनिल तिवारी, वीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, संजय पाण्डेय, इंद्रपाल सिंह, प्रभातमणि त्रिपाठी सहित हजारों शिक्षक शामिल रहे।

# जिला न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए रखवाए गए पानी के सकोरे

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पंच-ज अभियान के अंतर्गत किया कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की मंशानुरूप एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मुख्य आतिथ्य में तथा समस्त न्यायाधीशगण की विशेष उपस्थिति में आज जिला न्यायालय परिसर सीधी में पक्षियों को गर्मी से बचाव के लिए पानी एवं दाना रखने के लिए सकोरे वृक्षों पर लगाए जाने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए वृक्षों पर सकोरे लगवाकर बताया गया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि जल की कमी के कारण उन्हें अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी नगरिकों से अपील की कि वे भी अपने घर, कार्यालय, बालकनी, छत अथवा बगीचे एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, साथ ही उनके रहने के स्थान को छायादार एवं हवादार बनाया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश यतीन्द्र कुमार गुरू, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दीपक शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार सोनी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे, प्रभारी अधिकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सुनीता रावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सरिता चौधरी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल देव काछी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मृदुल लटौरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अभिषेक साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, सत्यप्रकाश पाण्डेय, ऋषभ सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### रामपुर नैकिन में एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित



**सीधी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन के अंतर्गत शासकीय कन्या स्कूल रामपुर नैकिन में 8 अप्रैल 2026 को भारत सरकार के निर्देशानुसार सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना तथा समय रहते इसकी प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना है। एचपीवी वैक्सीन को इस बीमारी की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी माना जाता है, जिससे भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ .प्रेरणा त्रिपाठी, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति रही। सभी के समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के परामर्शदाता पंकज शुक्ला का अभियान को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। टीकाकरण सत्र के दौरान कुल 23 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। सभी लाभार्थियों का टीकाकरण शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण सुरक्षा के साथ किया गया।

### उत्कर्ष बने असिस्टेंट प्रोफेसर, हासिल किये 129वीं रैंक



**सीधी।** सीधी के प्रतिभाशाली छात्र उत्कर्ष त्रिपाठी पुत्र मनोज कुमार त्रिपाठी ने यूजीसी नीट की प्रतिष्ठित परीक्षा में 99 .77 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक में 129 रैंक हासिल कर जेआरएफ प्राप्त किये हैं। यह उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा, कठोर परिश्रम एवं अटूट संकल्प का प्रतीक है। उत्कर्ष ने अपनी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से पूर्ण किये हैं। जहां उन्होंने निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सीधी जिले में गर्व एवं हर्ष का वातावरण है। राजेन्द्र शुक्ला गोतरा, योगेन्द्र गौतम, अजीत सिंह बघेल, अतुल त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, अनूप तिवारी, संदीप द्विवेदी, शिक्षकों एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य एवं शोध व शिक्षण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान की कामना किये है। जिले भर मे हर्ष का माहौल है।

# कोचिटा में जल गंगा संवर्धन अभियान, श्रमदान कर जल संरक्षण का संकल्प



नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचिटा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान ग्राम डांडी स्थित घमसान दाऊ चबूतरा के पास नि:शुल्क प्याऊ का संचालन किया गया, जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके पश्चात झरिया नदी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण हेतु शपथ ली और जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य रामलखन पनिका, सरपंच बंशराखन साकेत, पंचायत समन्वय अधिकारी भगवान दास मिश्रा, पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया कन्या महाविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

## गुणवत्ता व सुरक्षा पर दिया विशेष जोर, बेहतर शिक्षा और सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कन्या महाविद्यालय सीधी के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को दिए।**

कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में बन रहे विभिन्न भवनों और सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान निर्माणाधीन छात्रावास की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और हाउसिंग बोर्ड को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण होना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा छात्राओं के लिए उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि छात्राओं को बेहतर अध्ययन माहौल उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावी ढंग से कर सकें। इसके साथ ही कलेक्टर ने खेल सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया और कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और खेल मैदान एवं अन्य सुविधाओं को विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, तहसीलदार मीनाक्षी जायसवाल, महाविद्यालय प्राचार्य ओपी नामदेव सहित विभागीय अधिकारी तथा महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

### 10-11 को रामपुर नैकिन के दौरे पर रहेंगे कलेक्टर

कलेक्टर विकास मिश्रा का 10 एवं 11 अप्रैल 2026 को विकासखंड रामपुर नैकिन क्षेत्र में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 अप्रैल को सायं 4 बजे सीएम राइज स्कूल रामपुर नैकिन एवं निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात नगर परिषद कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में चौपाल आयोजित कर स्व सहायता समूहों की गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। इसके उपरांत ग्राम पंचायत चोरगड़ी में चौपाल कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर शिकारगंज में रात्रि विश्राम करेंगे। 11 अप्रैल को प्रात: 8 बजे चंदरेह शिव मंदिर का भ्रमण कर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यों का अवलोकन एवं श्रमदान करेंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत गुजरेड़ में तालाब, स्कूल एवं आंगनवाड़ी का निरीक्षण करेंगे। ग्राम पंचायत पोस्ता में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात हनुमानगढ़ तहसील कार्यालय एवं गौशाला का निरीक्षण करेंगे। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा, जनसमस्याओं के निराकरण तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना प्राथमिकता रहेगी।